This file has been cleaned of potential threats.

To view the reconstructed contents, please SCROLL DOWN to next page.

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
Institute for **Plasma Research**
भाट, इन्दिरा पुल के निकट, गांधीनगर – 382 428 (भारत)
Bhat, Near Indira Bridge, Gandhinagar – 382 428 (India)
*Web: www.ipr.res.in*

**विज्ञापन सं. 07/2024**

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर), भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान है, जो मूलभूत प्लाज़्मा भौतिकी, चुंबकीय परिसीमित संलयन और प्लाज़्मा के औद्योगिक अनुप्रयोगों के क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के प्रति समर्पित है। आईपीआर, भाट गाँव में स्थित है और इसकी प्रयोगशालाओं का विस्तार औद्योगिक प्लाज़्मा प्रौद्योगिकी सुविधा केंद्र (एफसीआईपीटी), जीआईडीसी, सेक्टर 25, गाँधीनगर और प्लाज़्मा भौतिकी केंद्र(सीपीपी-आईपीआर), गुवाहटी, असम में है।

निम्नलिखित पदों के लिए सीधी भर्ती के आधार पर योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र.सं. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | पद का नाम | **सहायक अधिकारी (क्रय)** |
| 2 | पद कोड | **101** |
| 3 | स्थान | **आईपीआर, गांधीनगर** |
| 4 | पदों की संख्या तथा श्रेणी | 01 (एक), **अनुसूचित जाति (SC) के लिए आरक्षित** |
| 5 | वेतन मान | प्रारंभिक मूल वेतन ₹44,900/- रुपये प्रति माह (लेवल-7, 7वें सीपीसी के अनुसार) |
| 6 | आयु सीमा | आयु **40** वर्ष से अधिक नहीं। (अनुसूचित जाति वर्ग (SC) के लिए) |
| 7 | आवश्यक योग्यता | सीए (इंटर) या आईसीडब्ल्यूए (इंटर) या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 55% अंकों के साथ स्नातक<br>या<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर। |
| 8 | आवश्यक अनुभव | "कार्य विवरण" में उल्लिखित कार्य से संबंधित आठ साल का अनुभव। |
| 9 | कार्य विवरण | चयनित उम्मीदवार को मुख्य रूप से क्रय संबंधी कार्य करने होंगे और वह विभिन्न क्रय संबंधी गतिविधियों के लिए उत्तरदायी होगा, जिसमें निविदा दस्तावेजों को तैयार करना/अंतिम रूप देना, बोलियों का मूल्यांकन, तकनीकी-वाणिज्यिक स्पष्टीकरण प्राप्त करना, आदेशों/अनुबंधों का प्रक्रमण, पोस्ट ऑर्डर / अनुबंध प्रबंधन, लेखा परीक्षा प्रश्नों का उत्तर देना आदि शामिल हैं।<br><br>चयनित उम्मीदवार को सरकारी खरीद प्रक्रियाओं / नीतियों का पालन करते हुए खरीद से संबंधित फाइलों की प्रोसेसिंग सुनिश्चित करने की आवश्यकता होगी। |

| क्र.सं. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | पद का नाम | **सहायक अधिकारी (लेखा)** |
| 2 | पद कोड | **102** |
| 3 | स्थान | **सीपीपी – आईपीआर, गुवाहाटी** |
| 4 | पदों की संख्या तथा श्रेणी | 01 (एक), **अनारक्षित वर्ग** |
| 5 | वेतन मान | प्रारंभिक मूल वेतन ₹44,900/- रुपये प्रति माह (लेवल-7, 7वें सीपीसी के अनुसार) |
| 6 | आयु सीमा | आयु **35** वर्ष से अधिक नहीं। (अनारक्षित वर्ग के लिए) |
| 7 | आवश्यक योग्यता | सीए (इंटर) या आईसीडब्ल्यूए (इंटर) या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 55% अंकों के साथ स्नातक<br>या<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर। |
| 8 | आवश्यक अनुभव | "कार्य विवरण" में उल्लिखित कार्य से संबंधित आठ साल का अनुभव। |
| 9 | कार्य विवरण | चयनित उम्मीदवार को मुख्य रूप से लेखा के क्षेत्र में काम करना होगा और वह सीपीपी-आईपीआर के लेखांकन और वित्तीय कार्यों को संभालने के लिए उत्तरदायी होगा, जिसमें खातों का रखरखाव, प्राप्तियां और व्यय, बजट तैयार करना एवं नियंत्रण, खातों को अंतिम रूप देना, खातों का विवरण तैयार करना और लेखा परीक्षा और अनुपालन आदि शामिल हैं।<br>चयनित उम्मीदवार को गैर-लाभकारी संगठनों/स्वायत्त निकायों आदि के खातों और वित्त, आयकर, जीएसटी से संबंधित सरकारी नीतियों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना होगा। |

1. **<u>चयन प्रक्रिया:</u>**

विज्ञापन की प्रतिक्रिया में प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों की जांच आयु, शैक्षिक योग्यता, श्रेणी प्रमाण पत्र, अनुभव, शुल्क रसीद आदि जैसे सभी मानदंडों के आधार पर की जाएगी और आगे की प्रक्रिया के लिए केवल मान्य आवेदनों पर विचार किया जाएगा। प्राधिकारियों के पास बिना कोई कारण बताएं, किसी आवेदक को लिखित परीक्षा के लिए नहीं बुलाने के सभी अधिकार सुरक्षित हैं।

निर्धारित आवश्यक योग्यताएं न्यूनतम हैं और इसके होने मात्र से ही उम्मीदवार को लिखित परीक्षा में बुलाए जाने का हक नहीं मिल जाता।

इसलिए, उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में अपनी सभी योग्यताएं और संबंधित क्षेत्रों में पूर्ण अनुभव के साथ वर्तमान नौकरी की स्थिति का उल्लेख करना चाहिए और संबंधित दस्तावेज अपलोड करने चाहिए। कार्य विवरण में उल्लिखित केवल संबंधित अनुभव पर ही विचार किया जाएगा।

**<u>चयन की पद्धति:</u>**

चयन प्रक्रिया में लेवल -1 और लेवल -2 नामक दो स्तरों की परीक्षाएं शामिल हैं।

**लेवल -1 परीक्षा:**

लेवल -1 परीक्षा लिखित परीक्षा होगी, जो सभी मान्य आवेदकों के लिए आयोजित की जाएगी। यह एक वस्तुनिष्ठ प्रकार (बहुविकल्पीय प्रश्न) की परीक्षा होगी। लेवल -1 परीक्षा, अगले स्तर की चयन प्रक्रिया यानी लेवल -2 के लिए उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए अर्हक परीक्षा/स्क्रीनिंग परीक्षा होगी।

लिखित परीक्षा के विषय इस प्रकार होंगे:

| क्र.सं | विषय |
|---|---|
| 1. | सामान्य ज्ञान / जागरूकता |
| 2. | सामान्य अंग्रेजी |
| 3. | प्रारंभिक गणित |
| 4. | कंप्यूटर एवं तर्कशक्ति |
| 5. | क्रय या लेखा संबंधी, जैसा कि आवेदित पद के लिए लागू हो। |

**लेवल -2 परीक्षा:**

लेवल-2 परीक्षा में निम्न शामिल होंगे:

क) वर्णनात्मक प्रकृति की लिखित परीक्षा, जिसमें आवेदित पद के लिए लागू क्रय या लेखा से संबंधित प्रश्न शामिल होंगे।

बी) कंप्यूटर कौशल परीक्षा: वर्ड डॉक्यूमेंट, स्प्रेडशीट आदि के साथ बुनियादी कार्य।

**अंतिम चयन:**

अंतिम चयन लेवल -2 की परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा।

लेवल -2 की परीक्षा के अंकों में टाई होने की स्थिति में, लेवल -1 की परीक्षा में प्राप्त अंकों को भी चयन के लिए ध्यान में लिया जाएगा। इसके अलावा, लेवल -1 में भी समान अंकों की स्थिति में, उम्र में बड़े उम्मीदवार के चयन पर विचार किया जाएगा।

1. **आवेदन शुल्क:**

**उपरोक्त पदों** के लिए शुल्क संरचना नीचे दी गई है:

| क्र.सं | श्रेणी | राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1. | अ.जा./अ.ज.जा/महिला/पीडब्ल्यूबीडी /ईडब्ल्यूएस/ भूतपूर्व सैनिक | शून्य |
| 2. | अन्य श्रेणियों के लिए | 200/- |

**भुगतान का प्रकार: केवल ऑनलाइन के माध्यम से (एसबीआई कलेक्ट) ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया:**

1. एसबीआई कलेक्ट https://www.onlinesbi.sbi/sbicollect/icollecthome.htm पर जाएं:
2. आगे बढ़ें → Other institutions
3. अन्य संस्थानों के लिए खोजें →type: PLASMA
4. नाम का चयन करें: Institute for Plasma Research
5. भुगतान श्रेणी की जाँच करें: “Application Fees IPR”
6. फॉर्म भरें
7. रीमार्क्स के कॉलम मे, कृपया विज्ञापन सं और पद कोड का उल्लेख करें
8. भुगतान करें
9. रसीद को प्रिंट/डाउनलोड करें

## सामान्य जानकारी

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र होंगे।

2. सुनने में कठिनाई (HH), एक पैर (OL), एक हाथ (OA), एसिड अटैक विक्टिम (AAV) और बौनापन (DW) की श्रेणियों के अंतर्गत आने वाली बेंचमार्क विकलांगता (PwBD) वाले व्यक्ति भी आवेदन कर सकते हैं।

3. इस विज्ञापन में दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या और स्थान अनंतिम हैं और संस्थान की वास्तविक आवश्यकता के आधार पर इसे बढ़ाया या घटाया जा सकता है। चयनित उम्मीदवारों को भर्ती के समय या बाद में आईपीआर के किसी भी स्थान पर तैनात किया जा सकता है।

4. चयनित उम्मीदवार से उन गतिविधियों/कार्यों को करने की अपेक्षा की जाती है जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे जा सकते हैं।

5. ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले, उम्मीदवारों को विस्तृत विज्ञापन अवश्य पढ़ना चाहिए। कृपया ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए तभी आगे बढ़ें जब आपके पास पद के लिए निर्धारित न्यूनतम आवश्यक योग्यता, अनुभव और अन्य मानदंड हों।

6. हर मामले में सभी उम्मीदवारों की पात्रता निर्धारित करने की तारीख ऑनलाइन आवेदन जमा करने की **निर्धारित अंतिम तिथि होगी**, जब तक कि अन्यथा निर्दिष्ट न हो।

7. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में अपने सभी विवरण सावधानीपूर्वक भरें और जमा करते समय जन्मतिथि, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, आयु में छूट आदि के समर्थन में नवीनतम पासपोर्ट आकार की रंगीन तस्वीर और दस्तावेजों की स्कैन प्रतियां अपलोड करें। गलत जानकारी के कारण कंप्यूटर आधारित शॉर्ट-लिस्टिंग के माध्यम से अस्वीकृति हो सकती है। संस्थान भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अपेक्षित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाले आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

8. आवेदकों को उनके ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में भरी गई जानकारी के आधार पर ही लेवल-1 परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। यदि बाद के चरण में यह पाया जाता है कि आवेदक द्वारा दी गई जानकारी गलत है या कोई आवेदक पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करता है, तो ऐसे आवेदकों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

9. प्रत्येक आवेदक को केवल एक ऑनलाइन आवेदन जमा करने की सलाह दी जाती है। हालाँकि, यदि उम्मीदवार एक से अधिक ऑनलाइन आवेदन जमा करता है, तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उच्च 'एप्लिकेशन आईडी नंबर' वाला ऑनलाइन आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण हो। जो आवेदक एक से अधिक ऑनलाइन आवेदन जमा करते हैं, उन्हें ध्यान देना चाहिए कि केवल उच्चतर 'एप्लिकेशन आईडी नंबर' यानी नवीनतम वाले ऑनलाइन आवेदन पर ही संस्थान द्वारा आगे की प्रक्रिया के लिए विचार किया जाएगा।

10. एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा के लिए आरक्षित रखा जा सकता है।

11. इस विषय पर समय-समय पर संशोधित केंद्र सरकार के आदेशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट स्वीकार्य होगी।

12. एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी/ईडब्ल्यूएस/पूर्व सैनिक श्रेणी के तहत आयु में छूट और/या शुल्क के भुगतान की मांग करने वाले उम्मीदवारों को भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र जमा करना होगा। ऐसा न करने पर उन्हें "अनारक्षित (यूआर)" उम्मीदवारों के बराबर माना जाएगा।

13. एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी के मामले में आयु में छूट केवल वहीं लागू होगी जहां रिक्ति उस श्रेणी के लिए आरक्षित है।

14. सभी योग्यताएं केवल मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/बोर्डों/संस्थानों से होनी चाहिए। अन्य देशों से योग्यता रखने वाले आवेदकों को यूजीसी/एआईयू से समकक्षता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

15. **आयु के प्रमाण** के रूप में **केवल** निम्नलिखित प्रमाणपत्र / दस्तावेज स्वीकार्य हैं (कोई भी एक):
**i. जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज जन्म तिथि।**
**ii.माध्यमिक स्कूल की पढ़ाई पूरी करने का प्रमाणपत्र(SSLC)।**
**iii. मैट्रिक/माध्यमिक स्कूल प्रमाणपत्र जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख हो।**

16. न्यूनतम योग्यता पूरी करने और ऑनलाइन आवेदन जमा करने पर लेवल-1 की परीक्षा का बुलावा मिलना आवश्यक नहीं है। प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी आवेदक को लिखित परीक्षा के लिए नहीं बुलाने के सभी अधिकार सुरक्षित रखता हैं। चयन की प्रक्रिया में होने वाले किसी भी विवाद/अस्पष्टता के मामले में संस्थान का निर्णय अंतिम होगा।

17. सरकारी/सहायता प्राप्त/स्वायत्त/अर्ध सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के तहत काम करने वाले उम्मीदवारों को लेवल-2 परीक्षा के समय नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाण पत्र" जमा करना आवश्यक है, ऐसा न करने पर उन्हें लेवल-2 परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

18. संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अपूर्ण आवेदनों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। किसी भी अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

19. लेवल-1 और लेवल-2 की परीक्षा निम्नानुसार आयोजित होगी:
a) पोस्ट कोड 101 अहमदाबाद/गांधीनगर में
b) पोस्ट कोड 102 गुवाहाटी में
अधिक विवरण वेबसाइट पर अपडेट किया जाएगा।

20. लेवल -2 की परीक्षा के लिए बुलाए जाने वाले बाहरी उम्मीदवारों को सीधे और सबसे छोटे मार्ग से स्लीपर क्लास/द्वितीय श्रेणी रेल/राज्य परिवहन बस के किराए के मूल टिकिट/फोटोकॉपी, यदि वापसी टिकट है, तो उसे प्रस्तुत और जमा करने पर उसकी प्रतिपूर्ति की जाएगी। कृपया ध्यान दें कि यात्रा भत्ता प्रतिपूर्ति के लिए केवल स्थायी/संचार पते पर ही विचार किया जाएगा।

21. वेतन और भत्ते के अलावा, उपरोक्त पद के लिए आवास किराया भत्ता, अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना के अंतर्गत चिकित्सा योजना स्वीकार्य हैं। अतिरिक्त सुविधाएँ जैसे नई पेंशन योजना, एलटीसी, स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए बाल शिक्षा भत्ता और परिवहन भत्ता के बदले परिवहन सुविधा (मार्ग वाहन में सीटों की उपलब्धता के आधार पर) संस्थान के नियमों के अनुसार स्वीकार्य हैं।

22. आवश्यक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद का अनुभव ही गिना जाएगा।

23. **उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन में अपना सही और सक्रिय ई-मेल पता और मोबाइल नंबर भरने की सलाह दी जाती है क्योंकि संस्थान द्वारा सभी संचार केवल ई-मेल के माध्यम से किए जाएंगे। उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि भर्ती के नियमित अपडेट के लिए संस्थान की वेबसाइट देखें।**

24. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में जानकारी भरने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए। ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर मान्य आवेदकों (मान्य आवेदन वाले उम्मीदवारों) की सूची कंप्यूटर आधारित शॉर्टलिस्टिंग के माध्यम से तैयार की जाएगी। मान्य आवेदकों को लेवल-1 की परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

25. लेवल-1 परीक्षा के अंकों के आधार पर, लेवल -2 की परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए उनके द्वारा अपलोड किए गए सहायक दस्तावेजों के रूप में ऑनलाइन आवेदन पत्र में दी गई जानकारी को सत्यापित करने के बाद एक मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। वे उम्मीदवार, जो इस विज्ञापन की शर्तों को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें लेवल -2 की परीक्षा के लिए पात्र नहीं माना जाएगा।

26. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की सूची आईपीआर वेबसाइट पर रखी जाएगी। जिन उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट नहीं किया गया है, उनके लिए अलग से कोई पत्राचार नहीं होगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

27. आईपीआर के पास बिना कोई कारण बताए उपरोक्त पद के लिए किसी भी उम्मीदवार का चयन नहीं करने या किसी भी स्तर पर विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

28. परिशिष्ट / विलोपन / शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) केवल संस्थान की वेबसाइट https://www.ipr.res.in/documents/jobs_career.html पर पोस्ट किया जाएगा। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपडेट के लिए नियमित रूप से संस्थान की वेबसाइट देखते रहें।

29. इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद केवल गांधीनगर / अहमदाबाद में स्थित न्यायालयों / न्यायाधिकरणों के एकमात्र क्षेत्र के अधीन होगा।

30. चयनित न होने वाले उम्मीदवारों के अभिलेख, चयनित उम्मीदवारों की सूची के प्रकाशन की तारीख से केवल एक वर्ष तक की अवधि के लिए संभाल कर रखे जाएंगे।

31. आवेदक, आवेदन को भरकर स्वयं को नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों के लिए प्रतिबद्ध करते हैं। गलत दस्तावेज़ या किसी भी प्रकार के अनुयाचन या किसी भी स्तर पर भर्ती की प्रक्रिया को प्रभावित करने से ना केवल आवेदन अस्वीकार किया जाएगा बल्कि उस पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

32. यह विज्ञापन अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में प्रकाशित किया गया है। किसी भी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

# <u>आवेदन कैसे करें</u>

**ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए पोर्टल 27/06/2024 से लाइव होगा।**

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे संस्थान की वेबसाइट https://www.ipr.res.in/documents/jobs_career.html पर दिनांक **26/07/2024 (शाम 5.30 बजे तक)** तक ऑनलाइन आवेदन करें।

**ऑनलाइन आवेदन भरते समय आवेदकों को निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड करने होंगे:**

1. हाल ही का एक पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ ।
2. निम्नलिखित सहायक दस्तावेजों की प्रतियां:
   i) आयु का प्रमाण। (उपरोक्त सामान्य जानकारी के क्रमांक 15 को देखें)
   ii) शैक्षिक मार्कशीट / प्रमाण पत्र / डिग्री।
   iii) अनुभव प्रमाण पत्र।
   iv) निर्धारित प्रारूप में जाति/समुदाय/वर्ग का प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।
   v) भुगतान रसीद की प्रति (यदि लागू हो)
   vi) कोई अन्य संबंधित दस्तावेज।

**<u>कृपया ध्यान दें कि आवेदन और सहायक दस्तावेजों की हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता नहीं है।</u>**

ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर, कृपया recruitment@ipr.res.in को संपर्क करें -

**संस्थान एक ऐसा कार्यबल रखने का प्रयास करता है जो लिंग संतुलन को दर्शाता हो एवं महिला उम्मिदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।**

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी**